# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPER ----- DATED -----


। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । बुधवार, 17 अगस्त 2022

# फूलों, रोशनी से नहाए मंदिर, बनाई जा रहीं झांकियां

■ रमेश जैन, नई दिल्ली

**कृष्ण जन्माष्टमी** राजधानी के सभी मंदिरों में 19 अगस्त को भारी उत्साह से मनाई जाएगी। इसके लिए सभी जगह भव्य स्तर पर तैयारियां की गई हैं। बद्री भगत झंडेवाला मंदिर, झंडेवालान के ट्रस्टी रवींद्र गोयल के बताया कि बांके बिहारी का भव्य फूल बंगला सजाया जाएगा।

आद्यकात्यायनी शक्तिपीठ मंदिर, छतरपुर के कमल किशोर भाटिया ने बताया कि फूलों और लाइट की भव्य सजावट की गई है। राम मंदिर सी-3 जनकपुरी के भूषणलाल पाराशर के अनुसार झांकियों का उद्घाटन राष्ट्रमंदिर के संस्थापक अजय करेंगे। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा डीडीए ग्राउंड सेक्टर-10 में 18 और 19 को शाम 7 बजे से रात 12 बजे तक कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। प्राचीन संन्यास आश्रम शिव हनुमान मंदिर, पंचकुइयां रोड में महंत भोलागिरि महाराज के सानिध्य में 17 अगस्त को शोभायात्रा निकाली जाएगी। 19 अगस्त को महोत्सव मनाया जाएगा। बालाजी धाम मंदिर त्रिनगर में महंत डॉ. प्रमोद महाराज के सानिध्य में जन्माष्टमी विश्वशांति दिवस के रूप में मनाई जाएगी। विवेकानंद योगाश्रम मंदिर खुरेजी में आचार्य विक्रमादित्य के सानिध्य में हवन, अभिषेक, भजन-कीर्तन, आरती के साथ जन्माष्टमी मनाई जाएगी।

सनातन धर्म राधाकृष्ण मंदिर सी-ब्लॉक पांडव नगर में सुबह से रात तक कीर्तन भजन होंगे। प्राचीन शिव मंदिर, संध्यापुरी संन्यास आश्रम निकट आईजी स्टेडियम में महंत धीरेंद्र पुरी के सानिध्य में लड्डू गोपाल का अभिषेक, पूजन होगा और झांकियां सजाई जाएंगी। सिद्धपीठ कालिका मंदिर, कालका जी में महंत सुरेंद्रनाथ के सानिध्य में श्री कृष्ण और काली मां का पूजन एक साथ किया जाएगा।

शिव नवग्रह मंदिर धाम, चांदनी चौक में शिव शंकर महाराज के सानिध्य में भजन कीर्तन और झांकियां रहेंगी।



मंदिरों में भव्य स्तर पर की गई हैं तैयारियां, कई जगह निकाली जाएंगी शोभायात्रा

**शोभायात्रा निकाली गई:** श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति ने मंगलवार को गंगेश्वरधाम मंदिर करोल बाग से राममंदिर रामजस रोड तक शोभायात्रा निकाली।


**क्या है कृष्ण और राधा की प्रेम कहानी का रहस्य**

असल में श्रीकृष्ण की कथा संकेतों और प्रतीकों से भरी हुई है, जिसे समझने के बाद ज्ञान का एक नया संसार खुलता है। सुनें और पढ़ें सिर्फ **Navbharatgold.com** पर


# डीडीए स्पेशल हाउसिंग स्कीम-2021 का मिनी ड्रॉ सितंबर में

**वेटिंग लिस्ट वाले आवेदक 15 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन फीस जमा करवा सकेंगे**

■ **विस, नई दिल्ली :** डीडीए स्पेशल हाउसिंग स्कीम-2021 का मिनी ड्रॉ सितंबर में होगा। डीडीए के अनुसार प्रतीक्षा सूची के आवेदक रजिस्ट्रेशन फीस 15 सितंबर तक जमा करवा सकते हैं। इसके लिए 16 अगस्त से 15 सितंबर तक डीडीए वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन फीस जमा करवाने का ऑप्शन उपलब्ध रहेगा। डीडीए से मिली जानकारी के अनुसार 21 दिसंबर 2021 से 10 मार्च 2022 तक स्पेशल हाउसिंग स्कीम-2021 खुली थी। स्कीम का ड्रॉ 18 अप्रैल को किया गया था। रिजल्ट वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। अब डीडीए ने इसके लिए मिनी ड्रॉ करने का निर्णय लिया है।

दैनिक जागरण नई दिल्ली, 17 अगस्त, 2022

# सितंबर में होगा प्रतीक्षा सूची में शामिल आवेदकों का ड्रा

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली:** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा 2021 में लांच आवासीय योजना की प्रतीक्षा सूची में शामिल आवेदक ड्रा में हिस्सा लेने के लिए 16 अगस्त से लेकर 15 सितंबर तक पंजीकरण राशि जमा करा सकते हैं। प्रतीक्षा सूची में शामिल आवेदकों के लिए ड्रा सितंबर में रखा जाएगा। एमआइजी-एचआइजी श्रेणी के आवेदकों को दो लाख, एलआइजी श्रेणी के लिए एक लाख जबकि ईडब्ल्यूएस और जनता फ्लैट्स के लिए 25 हजार पंजीकरण राशि जमा करानी होगी। यदि उक्त श्रेणियों के आवेदकों ने पंजीकरण राशि जमा नहीं की तो उन्हें प्रतीक्षा सूची के ड्रा में शामिल नहीं किया जाएगा। ड्रा के तहत फ्लैटों का आवेदन आवासीय योजना 2021 के आवेदन फार्म में पहले से दी गई पसंद के अनुसार दिया जाएगा। 15 सितंबर 2022 पंजीकरण राशि जमा करने की अंतिम तारीख है।

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
WEDNESDAY, AUGUST 17, 2022

# MCD rushes to finish twin parking projects in time

Vibha.Sharma@timesgroup.com

**New Delhi:** Municipal Corporation of Delhi (MCD) has intensified work on parking lots at Nizamuddin and Punjabi Bagh Club Road to complete them within the proposed deadline.

Officials claimed that the Nizamuddin parking with space for 86 vehicles would be made operational in the next two and a half months. Last week, the Punjabi Bagh Club Road parking project was processed for administrative approval and expenditure sanction. Once approved, tenders would be invited. The deadline to complete the project with space for 276 vehicles is two years.

"To decongest Punjabi Bagh Club Road, we had finalised the development of a multilevel parking-cum-commercial space spread over 2,300 sq metres. The plan was made after DDA allocated the land after a long wait," said an official. According to the agreement, MCD would have to pay Rs 18 crore in a lump sum and Rs 44 lakh annually as lease amount to DDA.

The official added, "Considering we don't have funds to pay this amount, a decision has been taken to develop the project on a Public-Private-Partnership basis. The concessionaire will be responsible for developing the site and paying the lease fee too."

The road is among 77 congested corridors of the city and the LG has given directions to the agencies concerned to take measures to decongest them.

Of the total area, only 50% can be utilised for constructing the complex after leaving space for setback, front, etc according to the building norms. "However, we can utilise 100% floor area ratio through vertical construction. Out of the planned eight floors, two and a half will be used for commercial spaces and for installing four lifts. The remaining floors will be dedicated for parking purposes. Some modifications were made in the plan earlier on the suggestion of senior officials," the official said.

"Work on the Nizamuddin stack parking will be completed by October end. It was supposed to be completed early, but was delayed due to shifting of underground wires passing through the site. As a result, construction started late," said another official.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

millenniumpost
17 AUGUST, 2022 | NEW DELHI

)F NEWSPAPERS------------------------------------------DATED-------------------- 17-8-2022

# DDA issues public notice to waitlisted applicants for spl housing scheme

**OUR CORRESPONDENT**

**NEW DELHI:** The Delhi Development Authority has issued public notice to the applicants of DDA's special housing scheme 2021 that it is planning to conduct a mini draw in September for those registrants who were kept in the waitlist until now.

The details of waitlisted candidates were uploaded in DDA's website earlier. The waitlisted applicants are requested to deposit the registration money prescribed for the brochure) as per their preferences in the application form of DDA special housing scheme 2021 from August 16 to September 15, 2022 through its website.

Applicants who fail to deposit the required registration money of Rs 2,00,000 for MIG and HIG category, Rs 1,00,00 for LIG category, Rs 25,000 for EW/Janta category as mentioned in DDA Special Housing scheme 2021 brochure will not be eligible for the draw of lots for allotment flats.

The flats will be allotted through draw of lots as per choice/preferences mentioned by the applicant in their application. The mode of payment of registration amount will be only through challan generated from DDA's website.

पंजाब केसरी

# सितंबर में होगा डीडीए हाउसिंग स्कीम का ड्रॉ

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा 2021 में लांच की गई हाउसिंग स्कीम के वेटिंग लिस्ट वाले आवेदक ड्रॉ में हिस्सा लेने के लिए 16 अगस्त से लेकर 15 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन मनी जमा करा सकते हैं। वेटिंग लिस्ट का ड्रॉ सितंबर में निकाला जाएगा। एमआईजी-एचआईजी कैटेगरी के आवेदकों को दो लाख, एलआईजी कैटेगरी के लिए एक लाख व ईडब्ल्यूएस व जनता फ्लैट्स के लिए 25 हजार रजिस्ट्रेशन राशि जमा करानी होगी। यदि उक्त श्रेणी के आवेदकों ने रजिस्ट्रेशन राशि जमा नहीं की तो उन्हें वेटिंग लिस्ट्र के ड्रॉ में शामिल नहीं किया जाएगा। ड्रॉ के तहत फ्लैटों का आवेदन हाउसिंग स्कीम 2021 के आवेदन फ़ॉर्म में पहले से दी गई पसंद के अनुसार दिया जाएगा। 15 सितंबर 2022 रजिस्ट्रेशन राशि जमा करने की अंतिम तारीख है।

अमर उजाला

# फ्लैट देने के लिए निकाला जाएगा ड्रॉ

**नई दिल्ली।** डीडीए विशेष आवास योजना-2021 (दो) के ड्रॉ में नंबर आने के बाद कुछ लोग फ्लैट लेने से पीछे हट गए हैं। इस कारण डीडीए ने प्रतीक्षा सूची वाले उम्मीदवारों की सुध लेने का निर्णय लिया है। उनको फ्लैट देने के लिए डीडीए सितंबर माह में मिनी ड्रॉ निकालेगा। डीडीए के अनुसार विशेष आवास योजना-2021 (दो) की प्रतीक्षा सूची वाले उम्मीदवार 15 सितंबर तक आवेदन कर सकते है। उन्हें डीडीए की वेबसाइट के माध्यम से अपनी पसंद के अनुसार आवश्यक पंजीकरण राशि (ब्रोशर में निर्धारित) जमा करनी होगी। ब्यूरो

Millennium Post

# Delhi L-G dedicates 16 DDA parks to unsung heroes of freedom struggle

**SATVIKA MAHAJAN**

**NEW DELHI:** Lieutenant Governor VK Saxena dedicated 16 Delhi Development Authority (DDA) parks in the name of the 'unsung/forgotten heroes' of the Indian freedom struggle on the occasion of Independence Day.

Distributed throughout the physical expanse of the national Capital, these parks were dedicated to the heroes of the Indian Freedom Struggle to ensure that everyone who uses the park is made aware of the contributions of these freedom fighters to our history. This step, apart from being a gesture of small tribute befitting these great sons and daughter of Mother India, was also an effort to etch their names in an otherwise lopsided historical narrative, the Lt Governor said, while dedicating these parks.

The following parks were part of the occasion, District Park, R-Block, Greater Kailash-I has been named as "Asaf Ali Park", District Park, Sector-B, Vasant Kunj as "Avadh Behari Park", Park at Sector-C, Vasant Kunj as "Master Amir Chand Park", District Park at Jasola as "Lala Hardayal Park", District Park, Lok Vihar, Pitampura as "Colonel Gurbaksh Singh Dhillon Park", District Park, Sandesh Vihar, Pitampura as "General Shah Nawaz Khan Park", District Park, Vikas Puri, as "Gobind Behari Lal Park", District Park, Janakpuri as "Satya Vati Park", Park and Nursery, Sector 11, Rohini as "Colonel Prem Sahgal Park", District Park, Part-1, Sector-29, Rohini as "Basanta Kumar Biswas Park", Green area, Sector-29, Rohini as Bhai Balmukund Park", District Park, Mayapuri, Phase II as "Dr. Shushila Nayyar Park", Green area, Sector 28, Part I, Rohini as "Hakim Ajmal Khan Park", Park and Play Area, Sector B-4 Narela as "Brij Krishna Chandiwala Bagh", District Park, Sector-11, Dwarka as "Swami Shraddhanand Park" and Park no 27, Sector 11, Dwarka, as "Deenbandhu C. F. Andrews Park".